संख्या: 431032 /XXIV-C-2/2026/11(02)2024-Efile No. 69424

प्रेषक,

प्रदीप मोहन नौटियाल,
संयुक्त सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. कुलपति
समस्त राज्य विश्वविद्यालय
उत्तराखण्ड।

2. कुलपति
समस्त अनानुदानित (निजी) विश्वविद्यालय
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 देहरादून, दिनांकः 11 सितम्बर, 2026

विषय– उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (**Chevening**) छात्रवृत्ति योजना" से सम्बन्धित अभिविन्यास कार्यशाला (**Orientation Workshop**) आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया राज्य सरकार एवं ब्रिटिश उच्चायोग के मध्य किए गए समझौता ज्ञापन तथा तद्क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना के संचालन हेतु जारी शासनादेश संख्या–257093/XXIV-C-2/2023/11(02)2024, दिनांक 29 नवम्बर, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त शासनादेश के क्रम में " मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना" के अंतर्गत राज्य के शासकीय महाविद्यालयों / राज्याधीन विश्वविद्यालय परिसरों के अधिकतम कुल 05 आवेदकों को प्रतिवर्ष यूनाइटेड किंगडम (UK) के किसी भी विश्वविद्यालय में अपनी सुविधानुसार किसी भी विषय / पाठ्यक्रम, जो कि यूनाइटेड किंगडम (UK) के किसी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो और संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा उसके आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गयी हो, के लिए 01 वर्ष हेतु स्नातकोत्तर स्तर (मास्टर डिग्री) के अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है।

2– अवगत कराना है कि वर्ष 2027 के शेवेनिंग छात्रवृति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 06 अक्टूबर है जिसका विस्तृत विवरण एवं ब्रोशर संलग्न है। शेवेनिंग स्कॉलरशिप हेतु छात्रों में अभिरूचि एवं इस छात्रवृत्ति हेतु किसी भी शंका समाधान के दृष्टिगत शेवेनिंग द्वारा विशेष रूप से उत्तराखण्ड के संस्थानों एवं छात्रों हेतु **दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को अपराह्न 3. 30 बजे** से अभिविन्यास कार्यशाला (Orientation Workshop) आयोजित करने हेतु सहमति प्रदान की गयी है जिसमें भारत की शेवेनिंग स्कॉलरशिप हेड भी उपस्थित रहेंगी।

इस महत्वाकांक्षी छात्रवृत्ति योजना के प्रति छात्रों में जागरूकता एवं अधिकाधिक प्रतिभाग सुनिश्चित करने हेतु इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संभावित एवं इच्छुक छात्रों सहित समस्त परिसर निदेशक, संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष तथा एलुमनाई सेल एवं करियर प्लेसमेन्ट सेल संयोजक से प्रतिभाग की अपेक्षा की गयी है। कार्यशाला में

प्रतिभाग हेतु पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना के प्रति जागरूकता एवं अधिकाधिक प्रतिभाग सुनिश्चित करने हेतु उक्तानुसार प्रस्तावित कार्यशाला में यथा संभव स्वयं जुड़ते हुए अन्य को भी अपने स्तर से यथोचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। प्रस्तावित कार्यशाला हेतु रजिस्ट्रेशन लिंक एवं सैशन लिंक निम्नवत् हैः–

**Registration Link (QR code attached):**

**Registration Form: Chevening Scholarship Awareness Session - Uttarakhand Government ? Fill in form**

**Session Link: (Date: 14th September 2026, Time: 3.30 pm onwards)**

**Join:https://teams.microsoft.com/meet/366663868754306?p=EzxTBnE8hb80p8jFyn**

**Meeting ID: 366 663 868 754 306**

**Passcode: 994ZU3CT**

संलग्नः यथोक्त।

Digitally signed by
Pradeep Mohan Nautiyal भवदीय,
Date: 11-09-2026
11:52:29

(प्रदीप मोहन नौटियाल)
संयुक्त सचिव।

संख्या : 431032/(1)/XXIV-C-2/2026/11(02)2024 TC तददिनांकित।


प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मा0 मंत्री उच्च षिक्षा को मंत्री महोदय के संज्ञानार्थ।
2. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
3. सुश्री सुप्रिया चावला, चिवनिंग स्कॉलरषिप हेड, भारत।
4. प्रो0 नवीन नवानी, डीन एकेडमिक अफेयर्स, आई0आई0टी0 रूड़की।
5. संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय/क्षेत्रीय कार्यालय को आवश्यक कार्यवही हेतु।
6. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड।
7. प्रो0 (डॉ0) पूजा कुकरेती, नोडल, एन0ई0पी0–पी0एम0यू0, उच्च षिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।
8. प्रो0 (डॉ0) दीपक कुमार पाण्डेय, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, डॉ0पी0द0ब0हि0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार को बैठक में प्रतिभाग एवं आवश्यक समन्वय हेतु।

(प्रदीप मोहन नौटियाल)
संयुक्त सचिव।

QR Code

Registration Form: Chevening
Government of Uttarakhand
Awareness Session


DIEU ET MON DROIT
CHEVENING
LEARN IN THE UK
LEAD AT HOME
SHAPE THE WORLD
Chevening Scholarships
Join a global network of leaders working with the UK to shape a more resilient, prosperous, and sustainable future.
chevening.org/vision




## A global network of influence

We encourage you to build networks that last beyond your scholarship, connecting you with the UK and the wider Chevening community to influence meaningful change.

## A community committed to impact


Chevening is rooted in democratic values and mutual respect, supporting future leaders who are committed to returning home to create lasting positive change in their communities.

**chevening.org/vision**




- Access to a world-class education and immersive UK experience
- A lifelong network connecting you with global leaders
- Leadership skills, confidence, and a global perspective
- Opportunity to collaborate with the UK to make a lasting impact

chevening.org/vision




**99%**

Scholar satisfaction rate

**98%**

Recommend studying in the UK

**22**

Heads of state among Chevening alumni

**1**

Life-changing year in the UK

**chevening.org/vision**

संख्याः257093/XXIV-C-2/2023/11(02)2024-Efile No. 69424

प्रेषक,

डॉ0 रंजीत कुमार सिन्हा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. कुलपति,
समस्त राज्यांधीन विश्वविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

2. निदेशक
उच्च शिक्षा निदेशालय,
हल्द्वानी।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 देहरादून, दिनांकः29 नवम्बर, 2024

विषयः उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना" संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन स्तर पर सम्यक् विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना" के अन्तर्गत राज्य के शासकीय महाविद्यालयों/राज्याधीन विश्वविद्यालय परिसरों के अधिकतम कुल 05 आवेदकों को प्रतिवर्ष यूनाइटेड किंगडम (UK) के किसी भी विश्वविद्यालय में अपनी सुविधानुसार किसी भी विषय/पाठ्यक्रम, जो कि यूनाइटेड किंगडम (UK) के विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो और यूनाइटेड किंगडम (UK) के सम्बन्धित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा उसके आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गयी हो, के लिए 01 वर्ष हेतु स्नातकोत्तर स्तर (मास्टर डिग्री) के अध्ययन हेतु निम्न शर्तों के साथ छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं:–

1. "मा0 मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना" सर्वप्रथम 03 (तीन) शैक्षणिक वर्षो यथा 2025–26, 2026–27 एवं 2027–28 हेतु संचालित की जा रही है।
2. "मा0 मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना" हेतु चयनित/पात्र आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।
3. पात्रता हेतु आवेदक को यूनाइटेड किंगडम (UK) के द्वितीय श्रेणी ऑनर्स डिग्री के समतुल्य डिग्री धारित करना होगा।
4. छात्रवृत्ति आवेदक द्वारा अकादमिक वर्ष में सितम्बर अंत तक दो वर्ष का कार्यानुभव अथवा समतुल्य अनुभव अर्जित किया हो (उदाहरण–सितम्बर 2025 से शुरू होने वाले पाठ्यक्रम हेतु सितम्बर 2024 तक)।
5. आवेदक द्वारा एच0एम0जी0 फंडेड (HMG- His Majesty Government) छात्रवृत्ति से

पूर्व में वित्तीय सहायता न प्राप्त किया गया हो अथवा प्राप्त किया जा रहा हो।

6. आवेदक द्वारा दोहरी नागरिकता जिसमें एक ब्रिटिश नागरिकता हो, धारित न किया गया हो।
7. एच0एम0जी0 (HMG- His Majesty Government) अथवा फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO) का कार्मिक अथवा पूर्व कार्मिक अथवा उनका संबंधी न हो।
8. ''मा0 मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना'' की नीति के अनुसार चयनित आवेदकों द्वारा छात्रवृत्ति अर्जित कर पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरान्त वापस आकर न्यूनतम दो वर्ष हेतु देश में ही कार्य करना होगा।
9. ''मा0 मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना'' का व्यापक प्रचार–प्रसार शेवेनिंग (Chevening) एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा तथा राज्य के संस्थाओं एवं अभ्यर्थियों के मध्य जागरूकता एवं ओरिएंटेशन तथा आवेदन प्रक्रिया की समुचित जानकारी हेतु शेवेनिंग (Chevening) एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नियमित समय अंतराल पर भौतिक अथवा वर्चुअल माध्यम से ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।
10. ''मा0 मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना'' हेतु पात्र आवेदक की चयन प्रकिया निम्नवत् होगी–

    a. ''मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना'' हेतु आवेदन 'शेवेनिंग ऑनलाइन आवेदन प्रणाली' के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।
    b. **शॉर्टलिस्टिंग**– आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होने के पश्चात् शेवेनिंग सचिवालय पात्रता मानदंड के अनुसार पात्र आवेदकों की एक सूची तैयार करेगा तथा शेवेनिंग सचिवालय स्तर पर गठित एक स्वतंत्र पठन समिति, जिसमें एक क्षेत्रीय विशेषज्ञ और एक अकादमिक विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे, को चयनित आवेदन भेजे जाएंगे। उक्त समिति सभी पात्र आवेदनों का मूल्यांकन करेगी और अनुशंसित आवेदकों की सूची निर्धारित करेगी।
    c. **साक्षात्कार/चयन**– अनुशंसित आवेदकों को पोस्ट ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के माध्यम से शेवेनिंग सचिवालय के साथ साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से चयनित आवेदकों को एफसीडीओ पोस्ट छात्रवृत्ति प्रस्ताव भेजेगा तथा उनके अध्ययन की अवधि हेतु प्रशासनिक व्यवस्था करेगा। साक्षात्कार समिति में शेवेनिंग के सदस्यों सहित दो सदस्य उच्च शिक्षा विभाग से भी सम्मिलित किए जाएंगे जिनको सचिव उच्च शिक्षा द्वारा नामित किया जाएगा।

11. ''मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (Chevening) छात्रवृत्ति योजना'' के कियान्वयन हेतु निम्न समय सारणी होगी–

| माह | कार्यवाही |
|---|---|
| छात्रवृत्ति देयता से पूर्व का वर्ष | |
| 30 जून तक | छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा, जिसमें लागत, भत्ते इत्यादि के |

| | |
|---|---|
| | निर्धारण सहित प्रचार, सूचना, आवेदन आदि के संबंध में विचार एवं समीक्षा की जाएगी। |
| जुलाई से नवम्बर | फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), सचिवालय द्वारा संबंधित देशों में विज्ञापन किया जारी किया जाएगा। संभावित आवेदकों के मध्य इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। |
| नवम्बर | ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि। |
| नवम्बर से दिसम्बर | फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), सचिवालय द्वारा आवेदित अभ्यर्थियों की पात्रता समीक्षा। |
| दिसम्बर से जनवरी | रीडिंग समिति द्वारा आवेदन मूल्यांकन एवं लम्बी सूची निर्माण। |
| छात्रवृत्ति देयता वर्ष | |
| जनवरी से फरवरी | फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), सचिवालय द्वारा लम्बी सूची की समीक्षा एवं संक्षिप्त पात्रता सूची का निर्धारण। |
| मार्च से अप्रैल | संक्षिप्त पात्रता सूची के पात्र अभ्यर्थियों का फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO) एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा साक्षात्कार। |
| अप्रैल से मई | उच्च शिक्षा विभाग की सहमति के साथ पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का निर्माण। |
| मई से जून | फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), सचिवालय सफल अभ्यर्थियों को सूचित करेगा तथा उनके सहमति पत्र प्राप्त होने के पश्चात अन्य आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। |
| सितम्बर/अक्टूबर | चयनित अभ्यर्थी शेवेनिंग उत्तराखण्ड छात्रवृत्ति अंतर्गत ब्रिटेन पहुंच कर अपना पाठ्यक्रम प्रारम्भ करेंगे। |
| अक्टूबर | फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), सचिवालय समझौते के अंतर्गत राज्य को अपेक्षित धनराशि के योगदान हेतु बिल/इनव्यास प्रस्तुत करेगा। |

12. **व्ययभार**:– योजनान्तर्गत चयनित आवेदकों के यूनाइटेड किंगडम (UK) में पढ़ाई सहित उनके आने जाने एवं रहन का संपूर्ण व्यय भार शेवेनिंग एवं राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वहन किया जाएगा। उक्त हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन/अनुबन्ध (MoU) के अनुसार प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में चयनित प्रति आवेदक के शेवेनिंग छात्रवृत्ति वित्तपोषण हेतु उत्तराखण्ड सरकार पर £19,800/राशि प्रति छात्रवृत्ति लगभग (₹22.00 लाख) (लगभग ₹बाईस लाख) अर्थात् 05 आवेदकों के शेवेनिंग छात्रवृत्ति वित्तपोषण हेतु कुल £99,000 लगभग (₹110.00 लाख) (लगभग ₹एक सौ

दस लाख) का अनुमानित व्यय भार आयेगा। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत लगभग प्रति आवेदक £38,048 से £42,076 धनराशि (लगभग ₹ब्यालीस लाख से ₹छियालीस लाख) शेवेनिंग छात्रवृत्ति फॉरेन कॉमनवेल्थ एण्ड डेवलपिंग ऑफिस (FCDO), ब्रिटेन द्वारा वहन किया जाएगा (समझौता ज्ञापन के परिशिष्ट 'ब' के अनुसार)।

2— "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग (**Chevening**) छात्रवृत्ति योजना" हेतु वित्तीय प्रावधान वित्तीय वर्ष 2024—25 के आय—व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0 11 के लेखाशीर्षक—2202—सामान्य शिक्षा—03—विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा—107—छात्रवृत्तियां— 08—मुख्यमंत्री शेवेनिंग उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां—42—अन्य विभागीय व्यय मद के अन्तर्गत किया जायेगा।

3— यह आदेश वित्त (व्यय—नियंत्रण) अनु0—03, उत्तराखण्ड शासन के कम्प्यूटरजनित ई0 संख्या I/251602/2024 दिनांक 05 नवम्बर, 2024 में प्राप्त सहमति के क्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Signed by
Ranjit Kumar Sinha
Date: 29-11-2024 10:55:42

(डॉ0 रंजीत कुमार सिन्हा)
सचिव।

संख्या:257093 /XXIV-C-2/2023/11(02)2024-Efile No. 69424 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2— सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3— निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
4— आयुक्त, गढवाल/कुमाऊँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
5— समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6— सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7— समस्त कुल सचिव, राज्याधीन विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।
8— समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
9— निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड।
10— बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन सचिवालय, देहरादून।
11— वित्त अनु0—3/नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
12— संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।
13— अनुभाग अधिकारी, उच्च शिक्षा अनुभाग—1, 3 एवं 4 उत्तराखण्ड शासन।
14— गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
Signed by
Byomkesh Dubey
Date: 29-11-2024 11:03:14
(व्योमकेश दुबे)
उप सचिव।